शिक्षा मंत्रालय

श्री धर्मेंद्र प्रधान शिक्षा और कौशल इकोसिस्टम से संबंधित द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने के लिए कल से संयुक्त अरब अमीरात की तीन दिवसीय यात्रा आरंभ करेंगे

Posted On: 31 OCT 2023 4:29PM by PIB Delhi

केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान 1 से 3 नवंबर 2023 तक संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा करेंगे।

अपनी यात्रा के दौरान श्री प्रधान कई प्रमुख मंत्रियों, अधिकारियों, शिक्षाविदों, प्रवासी भारतीयों के प्रतिष्ठित प्रतिनिधियों और व्यापार प्रमुखों से मुलाकात करेंगे और दोनों देशों की शिक्षा और कौशल इकोसिस्टम से संबंधित महत्वपूर्ण चर्चाओं में भाग लेंगे।

श्री प्रधान 1 नवंबर 2023 को महामहिम सुश्री सारा मुसल्लम, प्रारंभिक शिक्षा राज्य मंत्री और अबू धाबी शिक्षा और ज्ञान विभाग (एडीईके) की अध्यक्ष, संयुक्त अरब अमीरात के शिक्षा मंत्री महामहिम डॉ. अहमद अल फलासी और संयुक्त अरब अमीरात के विदेश मंत्री महामहिम शेख अब्दुल्ला बिन जायद से मुलाकात करेंगे।

श्री प्रधान आईआईटी दिल्ली-अबू-धाबी के अंतरिम परिसर का दौरा करेंगे। वह 42 अबू धाबी, स्कूल फॉर डिसरप्टिव लर्निंग का दौरा करेंगे। श्री प्रधान भारतीय दूतावास सभागार में संयुक्त अरब अमीरात के उड़िया समुदाय के साथ भी बातचीत करेंगे।

श्री प्रधान 2 नवंबर 2023 को अबू धाबी में ग्लोबल टेक इकोसिस्टम हब 71 का दौरा करेंगे और उसके बाद बीएपीएस मंदिर जाएंगे । दुबई में श्री प्रधान एक सुविधा प्रबंधन कंपनी ईएफएस और उसकी प्रशिक्षण सुविधाओं का दौरा करेंगे।

बाद में वह कैबिनेट सदस्य और कैबिनेट कार्य मंत्री महामहिम मोहम्मद अब्दुल्ला अल गर्गावी से मुलाकात करेंगे। वह सीबीएसई स्कूलों के प्रधानाचार्यों से भी मुलाकात करेंगे। श्री प्रधान दुबई में आईआईटी/आईआईएम के पूर्व छात्रों और शिक्षा प्रतिष्ठानों के प्रमुखों के साथ बातचीत करेंगे।

अगले दिन दुबई में श्री प्रधान डीपी वर्ल्ड के अध्यक्ष और सीईओ महामहिम सुल्तान अहमद बिन सुलेयम और वीएफएस के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे।

***

एमजी/एआर/आरके/एसके

(Release ID: 1973426) Visitor Counter : 101

Read this release in: English , Urdu , Odia , Tamil